भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-3203**
उत्तर दिनांक 21/08/2025 को दिया गया

## देश में परमाणु ऊर्जा संयंत्र

3203. श्री संदोष कुमार पी

क्या प्रधानमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :-

(क) देश में परमाणु ऊर्जा संयंत्रों की राज्य-वार सूची का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार देश में नए परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की योजना बना रही है;

(ग) यदि हाँ, तो परमाणु ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना के लिए चयनित स्थानों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) देश में आगामी परमाणु ऊर्जा संयंत्र परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है?

**उत्तर**

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) देश में प्रचालित नाभिकीय विद्युत संयंत्रों का विवरण निम्नानुसार है :

| **राज्य** | **स्थल** | **यूनिट** | **क्षमता (मेगावाट)** |
|---|---|---|---|
| महाराष्ट्र | तारापुर | टीएपीएस-1 | 160 |
| | | टीएपीएस-2 | 160 |
| | | टीएपीएस-3 | 540 |
| | | टीएपीएस-4 | 540 |
| राजस्थान | रावतभाटा | आरएपीएस-1* | 100 |
| | | आरएपीएस-2 | 200 |
| | | आरएपीएस-3 | 220 |
| | | आरएपीएस-4 | 220 |
| | | आरएपीएस-5 | 220 |
| | | आरएपीएस-6 | 220 |
| | | आरएपीएस-7 | 700 |
| तमिलनाडु | कल्पाक्कम | एमएपीएस-1 | 220 |
| | | एमएपीएस-2 | 220 |
| | कुडनकुलम | केकेएनपीपी-1 | 1000 |
| | | केकेएनपीपी-2 | 1000 |
| उत्तर प्रदेश | नरौरा | एनएपीएस-1 | 220 |
| | | एनएपीएस-2 | 220 |
| गुजरात | काकरापार | केएपीएस-1 | 220 |
| | | केएपीएस-2 | 220 |
| | | केएपीएस-3 | 700 |
| | | केएपीएस-4 | 700 |
| कर्नाटक | कैगा | केजीएस-1 | 220 |
| | | केजीएस-2 | 220 |
| | | केजीएस-3 | 220 |

'*' आरएपीएस-1 (100 मेगावाट) विस्तारित शटडाउन के अधीन है।

(ख) हां।

(ग) व (घ) निर्माणा/कमीशनन के अधीन तथा पूर्व-परियोजना गतिविधियों के अधीन नाभिकीय विद्‌युत परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है:

| राज्य | स्थल | परियोजना | क्षमता (मेगावाट) | जुलाई-2025 को वास्तविक प्रगति (%)/स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| **निर्माणाधीन परियोजनाएं** | | | | |
| राजस्थान | रावतभाटा | आरएपीपी-8 | 1 X 700 | 98.11% |
| तमिलनाडु | कुडनकुलम | केकेएनपीपी-3 व 4 | 2 X 1000 | 78.5% |
| | | केकेएनपीपी-5 व 6 | 2 X 1000 | 37.5% |
| | कल्पाक्कम | *पीएफबीआर* | 1 X 500 | 97.90% |
| हरियाणा | गोरखपुर | जीएचएवीपी-1 व 2 | 2 X 700 | सिविल कार्य प्रगति पर है । |
| **पूर्व-परियोजना गतिविधियों के अधीन परियोजनाएं** | | | | |
| कर्नाटक | कैगा | कैगा-5 व 6 | 2 X 700 | पूर्व-परियोजना गतिविधियां प्रगति पर हैं। |
| हरियाणा | गोरखपुर | जीएचएवीपी-3 व 4 | 2 X 700 | |
| मध्य प्रदेश | चुटका | चुटका-1 व 2 | 2 X 700 | |
| राजस्थान * | माही बांसवाड़ा | माही बांसवाड़ा-1 व 2* | 2 X 700 | |
| | | माही बांसवाड़ा-3 व 4* | 2 X 700 | |

** अणुशक्ति विद्‌युत निगम लिमिटेड (अश्विनी) को सौंपा गया।*

*****